
तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जिले के 20000 असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य

10 नए बजट को लेकर विभागों में तैयारी, नवंबर...



REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

बारिश का कहर : जिला प्रशासन ने शिवनाथ नदी तट के सभी गांव के लोगों के लिए जारी किया अलर्ट

# 18 घंटे की लगातार बारिश से तरबतर हुआ जिला, नदी-नाले उफान पर, खेत लबालब





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

लगातार 18 घंटों की बारिश ने बेमेतरा जिले को पानी से तरबतर कर दिया। जिलेभर के कई इलाकों में पानी घुस जाने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आफत आ गई। वहीं, क्षेत्र के किसानों में खुशी रही, वहीं कहीं मायूसी की स्थिति ला दी है। दरअसल जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र में विगत पखवाड़े भर से बारिश के इंतजार में अन्नदाता किसान चिंतित थे। इधर बीते सोमवार की शाम से मंगलवार शाम तक हुई निरन्तर 18 घण्टों की झमाझम बारिश ने खेत-खलिहान को पानी से सराबोर कर दिया है। आलम यह है कि खेतों में पर्याप्त पानी हो जाने के बाद अतिरिक्त पानी नहर-नालों के सहारे नदी में समा रहा है, जिसके कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं। स्थिति यह रही कि जिलेभर के विभिन्न इलाकों में नदी-नालों के ओवरफ्लो हो जाने की स्थिति निर्मित हो सकती है। सोमवार की शाम से जिले में मौसम ने करवट बदली है। दिनभर बादल छाए रहे। वहीं, सोमवार रात से मंगलवार दिनभर कभी धीमी तो कभी तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। लोगों को उमस से राहत मिली। तो वहीं सूखते खेतों में पानी देखकर परेशान किसानों की भी चिंता कम हुई है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बुधवार को भी बारिश होने की संभावना है। कहीं-कहीं गरज व चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

### मोंगरा बैराज से शिवनाथ में छोड़ा गया 72 हजार क्यूसेक पानी

लगातार हो रही बारिश के बाद राजनांदगांव जिला स्थित मोंगरा बैराज से शिवनाथ नदी में फिर मंगलवार सुबह 10 बजे 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे शिवनाथ का जलस्तर बढ़ गया है। आगे बारिश जारी रही, तो मोंगरा से और पानी छोड़ा जा सकता है। ज्ञात हो कि शिवनाथ नदी के कैचमेंट एरिया में विगत दिनों से लगातार बारिश होने तथा मोंगरा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के ऊपर से पानी बह रहा है। विगत दिनों की तुलना में तांदुला नदी, खरखरा नदी व शिवनाथ के अन्य सहायक नालों में जल की स्थिति को देखते हुए अभी भी लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

### शिवनाथ में छोड़ा पानी, अलर्ट

जिला प्रशासन द्वारा शिवनाथ नदी के तट पर बसे ग्रामवासियों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। नांदघाट क्षेत्र के ज्यादातर गांव शिवनाथ नदी किनारे स्थित हैं। नदी में मोंगरा बैराज से 1 लाख 13 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसके कारण मंगलवार की रात से नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने की उम्मीद जताई जा रही है।




### जिले में अब तक 537 मिमी औसत वर्षा दर्ज

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 10 सितंबर 2024 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 537 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 662.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 397.4 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 535.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 457.6 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 565.5 मि.मी., देवकर तहसील में 653 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 446.5 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 456.3 मि.मी. एवं साजा तहसील में 658. मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### फसलों में लग रही बीमारियां

पिछले करीब 15 दिनों से बारिश में कमी, तेज धूप खिलने व उमस के कारण फसलों पर कीट का भी प्रकोप देखने को मिल रहा है। फसलों में बीमारियों की शिकायत आने लगी थी। फसलों को रोग से बचाने के लिए कीटनाशक का भी उपयोग किया जा रहा है। सोमवार को हुई बारिश से किसानों को फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद है।

### शिवनाथ किनारे के गांवों में अलर्ट

शिवनाथ नदी में जल का स्तर बढ़ने से बेमेतरा जिले अंतर्गत आने वाले आसपास लगे सभी ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता बरतने को कहा गया है। नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शिवनाथ नदी तट के सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। आगामी दिनों में वर्षा की स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में जलाशय के जलभराव में और बढ़ोत्तरी होगी।

### नवागढ़-बेमेतरा क्षेत्र के लिए संजीवनी, शिवनाथ किनारे खेतों के डूबने की आशंका

चूंकि बेमेतरा, दाढ़ी, नवागढ़ एवं नांदघाट सिंचाई क्षेत्र में विगत 02 हफ़्तों से सूखेपन की स्थिति खेतों में नज़र आने लगी थी, जिसमें काफी हद तक बेमेतरा जलसंसाधन विभाग द्वारा पानी की कमी को कई कैनालों के सहारे क्षेत्र में वितरित किया जा रहा था। वहीं, अब बारिश से क्षेत्र में पानी की स्थिति बेहतर बताते हुए बेमेतरा एवं नवागढ़ जलसंसाधन सब डीविजन के एसडीओ-राकेश कुलश्रेष्ठ ने बताया कि आगामी दो-दिनों तक मौसम विभाग के मुताबिक क्षेत्र में भारी बारिश का अनुमान है। लिहाजा अगले एक-दो दिन भर ही शिवनाथ की स्थिति विकराल एवं भयानक हो सकती है। इसके लिए बकायदा आमजनों को प्रशासन द्वारा नदी-नालों से दूर रहने की हिदायत दी गयी है। वहीं, नांदघाट इलाके में शिवनाथ के तटवर्ती इलाकों के खेतों में पानी की अधिकता होने से फसल नुकसान की आशंका बढ़ गयी है। वहीं, प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

## ढाई किलो गांजा का परिवहन करते दो युवक पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- मुखबिर की सूचना पर थाना खम्हरिया पुलिस व सायबर सेल ने की कारवाई




पुलिस ने थाना खम्हरिया के ग्राम खाती चौक व ग्राम अकोला के मध्य दो युवकों के पास से 2 किलो 539 ग्राम गांजा बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी युवकों के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कारवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि ग्राम भ्रमण के दौरान मुखबीर के जरिए सूचना मिली कि बेमेतरा से खम्हरिया तरफ दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ लेकर आ रहे हैं। उक्त सूचना पर बेमेतरा खम्हरिया रोड के मध्य ग्राम खाती चौक ग्राम अकोला के पास एक काले रंग का मो.सा. क्रमांक सीजी 10 बी 0826 में खम्हरिया की ओर आती दिखाई दी। बाइक को रोककर पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम राहुल सूर्यवंशी उम्र 19 साल एवं मनीराम साहू उम्र 30 साल मरहीकांपा थाना कोटा जिला बिलासपुर बताया। इस दौरान जांच में आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 2 किलो 539 ग्राम कीमत करीबन 20 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल को जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट की कारवाई की गई। उक्त कार्रवाई में थाना खम्हरिया प्रभारी उप राजकुमार साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि भगवान दास गंधर्व, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, सुनील तिवारी, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेश ध्रुव, संजय पाटिल, सौरभ सिंह, मोती लाल जायसवाल, जयकिशन साहू, गौकरण मंडावी, सुशील यादव, सौरभ राजपूत एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगी विशेष ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

- कलेक्टर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक पत्र जारी कर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक विशेष ग्रामसभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश के परिपालन में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने एक आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि बेमेतरा जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के थीम पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन करें। इसके साथ ही जिलाधीश ने यह भी निर्देश दिए हैं कि विशेष ग्रामसभा के दौरान लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की



वीडियो रिकार्डिंग कर ग्राम सभा निर्णय जीएसएनआईआरएनएवाय मोबाईल एप्प में अपलोड करें तथा ग्रामसभा की समस्त गतिविधियों को वाईब्रेट ग्रामसभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड करें।

### इन एजेंडों पर पारित करना होगा प्रस्ताव

आयोजित होने वाले विशेष ग्रामसभा के लिए शासन द्वारा एजेण्डा निर्धारित किया गया है। इनमें ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की घोषणा के लिए प्रस्ताव पारित किया जाना। प्रस्ताव पारित करने की कार्यवाही के दौरान 15 मिनट का वीडियो रिकॉर्डिंग करना। घर-घर एवं दुकानों से कचरा संग्रहण कार्य प्रारंभ कराया जाने हेतु प्रस्ताव। घरों में डस्टबिन प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्ताव। स्वच्छता दीदीयों को 15वें वित्त से कचरा संग्रहण शुल्क प्रतिमाह 3000/- टाइट ग्रांट (स्वच्छता मद) से प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्ताव। स्वच्छता वीडियो हेतु सेफ्टी किट प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्ताव। सूखा कचरा बिक्री हेतु कबाड़ी वाले से एमओयू किए जाने हेतु कार्यवाही।

सभी सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई किए जाने हेतु प्रस्ताव। ग्राम स्तर पर निर्मित सभी सामुदायिक शौचालय एवं उसके परिसर की साफ-सफाई एवं मेंटेनेंस करते हेतु कियाशील सुनिश्चित करने हेतु कार्यवाही। नवीन परिवारों के घरों में शौचालयों की आवश्यकता वाले परिवारों की पहचान एवं शौचालय निर्माण हेतु प्रस्ताव। प्लास्टिक दान महा अभियान का आयोजन हेतु प्रस्ताव। ग्राम में अधिक कचरा जमा होने वाले स्थलों का चिन्हकन कर इसकी साफ-सफाई एवं सौंदर्गीकरण करने हेतु प्रस्ताव। स्वच्छता शपथ का सार्वजनिक आयोजन कर समस्त ग्रामवासी को स्वच्छता शपथ कराया जाना। मरम्मत योग्य गार्बेज ट्राईसाईकिल ▸▸| शेष पेज 11 पर

किसान दिवस पर प्राकृतिक खेती-गौ आधारित खेती विषय पर हुई कार्यशाला

## टिकाऊ खेती के लिए प्राकृतिक संसाधनों का करें ज्यादा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा में भगवान श्री बलराम जयंती के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा, रेवेन्द्र, सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया,बेमेतरा तथा कृषि विभाग बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में किसान दिवस सह प्राकृतिक खेती-गौ आधारित खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के अधिष्ठाता डॉ संदीप भंडारक मुख्य अतिथि रहे । खेदूराम बंजारे, खूबचंद बघेल किसान सम्मान से सम्मानित कृषक नंदकिशोर वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत झाल एवं डॉ. श्याम लाल साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी,वि.खं. बेमेतरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में छत्तीसगढ़ महतारी एवं भगवान बलराम के साथ




पारंपरिक और उन्नत कृषि यंत्रों का अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यकम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए तोषण कुमार ठाकुर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा ने बताया कि जिस प्रकार परंपरागत खेती के द्वारा पहले के किसान परिवार रसायन मुक्त अनाज का उत्पादन व उपभोग करके अधिक स्वस्थ रहते थे, उसी प्रकार प्राकृतिक खेती-गौ आधारित खेती स्वस्थ जीवन व टिकाउ खेती का आधार है। खेती में कम लागत और अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए बाजार आधारित आदान सामग्री के उपयोग को क्रमशः सीमित करना होगा और फसल में खरपतवार, कीट एवं रोग के नियंत्रण व पोषक तत्व प्रबंधन के लिए प्राकृतिक रूप से उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करना पड़ेगा। डॉ. संदीप भंडारकर ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले परंपरागत किस्मों में कीट-रोग प्रतिरोधक ▸▸| शेष पेज 11 पर

### प्रगतिशील कृषकों का किया गया सम्मान

कार्यकम के तकनीकी सत्र के दौरान खेदूराम बंजारे एवं मोहित साहू जो कि जैविक खेती व प्राकृतिक खेती करने वाले प्रगतिशील कृषक भी हैं, ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने एवं उपस्थित किसानों को जैविक खेती प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। इसी कड़ी में कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में कार्य करने वाले चयनित 5 प्रगतिशील कृषकों को उत्कृष्ठ कृषक सम्मान के लिए प्रशस्ती प्रत्र प्रदान किया गया। तदोपरांत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के मुख्यालय में आयोजित समानांतर कार्यक्रम में कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री जी का किसानों के नाम उद्बोधन का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से केवीके बेमेतरा में उपलब्ध किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में केन्द्र के फार्म मशीनरी एवं पावर इंजिनियरिंग के विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र जोशी ने किसानों को कृषि यंत्रो की प्रदर्शनी में लगे कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में जानकारी दिया एवं केन्द्र के ▸▸| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### हिन्दी दिवस पर साहित्य संगोष्ठी 14 को

**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर साहित्य संगोष्ठी समकालीन कविता आज के संदर्भ में का आयोजन 14 सितंबर को दोपहर 1 बजे निषाद भवन दल्ली राजहरा में किया जाएगा। एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षकों की सृजनात्मक साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस अवसर पर बालोद जिले के प्रत्येक विकास खण्ड से 2 शिक्षक साहित्यकारों का सम्मान किया जायेगा।

### ग्राम पसौद में रिकार्डिंग डांस कार्यक्रम 14 को

**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद में बाल युवा गणेशोत्सव समिति बाजार चौक द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ी भाव नृत्य रिकार्डिंग डांस का कार्यकम 14 सितम्बर संझा के चिरईया ग्राम अंगारी वालों की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष कौशल साहू व उपाध्यक्ष जागेश्वर निषाद ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### ट्रिपल हत्याकांडः क्राइम रिक्रिएशन कराया गया

**भिलाई।** ट्रिपल हत्याकांड को लेकर पुलिस ने क्राइम सीन रिक्रिएशन कराया गया। रविवार को गिरफ्तार आरोपियों को उनके कबूलनामे के बाद पुलिस क्राइम सीन पर लेकर गई। आरोपियों से पूछा गया कि किस तरह से पूरी वारदात को अंजाम दिया। करीब एक घंटे तक क्राइम रिक्रिएशन के बाद सभी आरोपियों को थाने ले जाया गया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस दौरान फोरेंसिक एक्सपर्ट समेत पुलिस अफसर मौजूद थे। नंदुनी खुंदनी में हुए हत्याकांड में राजेश यादव, वासू यादव, करण यादव की मौत हुई। डीजे में डांस करने को लेकर विवाद हुआ था उसके बाद से मामला बिगड़ा गया। शनिवार की रात को दोनों पक्षों में जमकर मारपीट के बाद चाकू, लाठी से हमला कर एक परिवार के तीनों भाईयों को मौत की नींद सुलाई गई। घटना के बाद से एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने जिले में सुरक्षा को लेकर अलर्ट कर दिया है।

### सुपेला नाला में बहे युवक की मिली लाश

**भिलाई।** भारी बारिश के चलते सुपेला में सड़क किनारे बने नाले में बाइक सवार दुर्ग से रायपुर की ओर आ रहा था। सुपेला नाले में अचानक गिरने से युवक की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 30-35 वर्ष के उम्र का युवक है। नाले में डूबने की खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुची और काफी देर तक खोजबीन किया गया। लेकिन करीब दो घंटे बाद नाले में उसकी लाश मिली है। पुलिस उसके परिजनों की तलाश में जुटी हुई है।

### राजस्व अधिकारी बनकर चौकीदार कर रहा था अवैध वसूली, निलंबित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में चौकीदार धर्मरक्षक पाठक के खिलाफ राजस्व निरीक्षक बनकर अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर निगम आयुक्त ने मामले में प्रारंभिक जांच कराई। इसके आधार पर धर्मरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि धर्मरक्षक ने राजस्व अधिकारी बनकर निगम क्षेत्र के निर्माणाधीन मकानों पर जाकर उनके मालिक से जबरन पैसा वसूलने का काम किया। इसी मामले को लेकर स्मृति नगर निवासी सिद्धार्थ चक्रवर्ती ने रजिस्टर्ड भूखण्ड पर नियमानुसार मकान निर्माण किए जाने के बाद भी पैसों की डिमांड की जा रही थी। डिमांड धर्मरक्षक पाठक कर रहा था। वह अपने आपको राजस्व अधिकारी बता रहा था। उसने चक्रवर्ती को धमकाया भी। इसकी शिकायत हुई। 5 हजार रुपये में मामले को रफा-दफा करने अन्यथा बेदखली की कार्रवाई कर घर तोड़ने को लेकर धमकाया।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दिए एल्यूमिनियम प्लांट हादसे की जांच के आदेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरगुजा जिले ग्राम सिलसिला में संचालित एल्युमिनियम प्लांट में हुए औद्योगिक हादसे पर संवेदना प्रकट करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं।



इसके परिपालन में कलेक्टर सरगुजा द्वारा जांच दल का गठन किया गया है। गौरतलब है कि सरगुजा जिले के जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम सिलसिला में संचालित मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम प्लांट में 8 सितंबर की सुबह औद्योगिक हादसे में 4 लोगों की मृत्यु हुई थी। मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को घटना की त्वरित जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर सरगुजा द्वारा गठित जांच दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लुण्ड्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लुण्ड्रा, जिला श्रम पदाधिकारी अंबिकापुर, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अंबिकापुर और औद्योगिक एवं सुरक्षा अधिकारी अंबिकापुर को शामिल किया गया है। जांच दल के द्वारा घटना स्थल पर जाकर जांच कर प्रतिवेदन दो दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### महाराष्ट्र चुनाव, पूर्व मंत्री डहरिया बने आब्जर्वर

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मंत्री शिव डहरिया को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी है।



श्री डहरिया ने इसके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा, मुझे ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। मैं इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व हमारे नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं। मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूर्ण निष्ठा से निभाऊंगा एवं कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

### नई भर्तियों की अनुमति निरस्त अब फिर से लेनी होगी अनुमति

**रायपुर।** राज्य सरकार के वित्त विभाग ने राज्य में सरकारी नौकरियों में भर्ती के संबंध एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन अब राज्य शासन द्वारा विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि जनवरी 2024 के पूर्व जिन पदों के वित्त विभाग से भर्ती की अनुमति प्राप्त की गई है, किंतु भर्ती के संबंध में विज्ञापन प्रकाशन नहीं कराया गया है, ऐसी अनुमति को निरस्त मान्य करते हुए वित्त विभाग से पुनः अनुमति प्राप्त करने के बाद ही विज्ञापन जारी किया जाए। इसी आदेश में ये भी कहा गया है रिक्त पदों की अनुमति के प्रस्ताव स्थायी वित्त निर्देश जो अप्रैल 2024 में जारी किया गया था, उसमें दिए गए प्रोफार्मा में पूर्ण जानकारी के साथ भेजा जाए। वित्त विभाग ने यह आदेश शासन के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्षों और सभी कलेक्टरों को भेजा गया है।

### कार की ठोकर से तीन साल की मासूम की मौत

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में कार की ठोकर लगने से तीन साल की एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई, वहीं बाइक चला रहा बच्ची का पिता घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, कार की ठोकर लगने से तीन साल की बच्ची योगिता उर्फ सोना बारले की मौत हुई है। मासूम के पिता दिनेश ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर को वह अपनी बेटी को बाइक पर बैठाकर सामान लेने निकला था। उमरिया के पास कार सीजी 04 एनपी 2041 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से दिनेश की बेटी बाइक से सिर के बल गिर गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने योगिता को मृत घोषित कर दिया।

# नए बजट को लेकर विभागों में तैयारी, नवंबर तक दिए जाएंगे प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नए बजट को लेकर विभागों में प्रस्ताव की तैयारी शुरू हो गई है। 11 नवंबर तक वित्त विभाग को प्रस्ताव दिए जाने हैं। वित्त विभाग ने बजट तैयार करने के संबंध में कार्यक्रम जारी कर सभी विभागों से निर्धारित तिथि पर जानकारी मांगी है। कहा गया हैं कि नियत तिथि से 3 दिन पूर्व संबंधित बजट की जानकारी तथा आवयश्क प्रस्ताव विभाग को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराएं।

वित्त विभाग ने विभागों से 11 नवंबर तक प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद 16 से 27 दिसंबर तक सचिव स्तरीय चर्चा कर इन प्रस्तावों को अंतिम रूप देगा।

## बजट तैयार करने सभी विभागों को 11 नवंबर तक देना है प्रस्ताव

### राजस्व बढ़ाने के उपायों पर चर्चा

बताया गया है कि अक्टूबर माह में विभागाध्यक्षों के साथ विभाग की राजस्व प्राप्तियों को बढ़ाने के संबध में चर्चा की जाएगी। प्रशासकीय विभाग के अधिकारियों जिनमें विशेष सचिव, अपर सचिव संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। सभी विभागों से 8 नवंबर तक चर्चा के बाद विभागों को अपने बजट का पूरा प्रस्ताव 11 नवंबर तक वित्त विभाग के सामने प्रस्तुत करना होगा।




### प्रस्ताव आने के बाद विभागध्यक्ष स्तरीय चर्चा

वित्त विभाग के पास प्रस्ताव आने के बाद इसका परीक्षण कर विभागाध्यक्षों स्तर पर राजस्व प्राप्तियों पर अलग से चर्चा की जाएगी।अधिकारियों के सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद बजट को अंतिम रूप देने से पूर्व अब तक विभागों के बकाया गारंटियों और अन्य मामलों पर चर्चा की जाएगी। सभी स्तर पर चर्चा के बाद वित्त विभाग मंत्री स्तरीय चर्चा वित्त मंत्री करेंगे, जो जनवरी के अंत तक चलेगी।

बताया गया है कि जो जानकारी मंगाई गई है, उनमें नवीन प्रस्ताव के संबंध में प्रस्ताव बनाकर दिया जाना है। वित्त विभाग ने सभी विभाग के डीडीओ को बजट एवं राजस्व प्राप्तियों के संबंध में अलग से ऑनलाइन प्रविष्टी के संबंध में लिंक प्रदाय किया गया है।

विभागों से कहा गया है कि 31 मार्च तक विभागाध्यक्ष एवं अधिनस्थ कार्यालयों के वाहनों, दूरभाष और कम्प्यूटरों की सूची स्वीकृत पदों की संरचना एवं अन्य परिसंपतियों की पूरी जानकारी ऑनलाइन और हार्ड कापी में वित्त विभाग को उपलब्ध कराई जाए। विभागों से कहा गया है कि राजस्व प्राप्तियों और वसूली के संबंध में 2025-26 के बजट प्रस्ताव 11 अक्टूबर तक दिया जाना है।

## कहा- राहुल गांधी भी अपनी पार्टी की महिलाओं को नहीं दिला पाते न्याय

# राधिका खेड़ा ने कहा- कांग्रेस घर की महिलाओं को न्याय नहीं दे सकती, कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई राधिका खेड़ा ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस घर की महिला को न्याय नहीं दे सकती। इनको प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। राहुल गांधी महिलाओं के हक में आवाज उठाने से डरते हैं। वे विदेश जाकर महिलाओं के हक की बात जरूर करते हैं, लेकिन अपनी पार्टी की महिलाओं को ही न्याय नहीं दिला पाते।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए राधिका खेड़ा ने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय मुख्यालय में महिलाओं को पीटा जाता है। मैं राहुल जी से पूछना चाहती हूं, महिलाओं के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने से पहले वे सोचते क्यों नहीं हैं। अपनी पार्टी की महिलाओं से कहते हैं, न्याय मत मांगो, चुप रहो। कांग्रेस भवन में अपने साथ हुई अभद्रता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने मेरे साथ बदतमीजी की थी। महिलाओं से कांग्रेस कार्यालय में अभद्रता की जाती रही। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार में गुंडों को बचाया जाता था।



### कांग्रेस में महिलाओं को नहीं मिलता न्याय

राधिका खेड़ा ने राजीव भवन में हुए गाली गलौज की घटना का वीडियो भी पत्रकारों को दिखाया। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला नेत्री के साथ दुर्व्यवहार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, अर्चना गौतम की आवाज को भी दबाने की कोशिश की गई। उसे भी न्याय नहीं मिला। न्याय मांगने अर्चना गौतम के कांग्रेस मुख्यालय जाने पर कांग्रेस के गुंडों द्वारा उनकी पिटाई की जाती है। राधिका खेड़ा ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा, उन्हें कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने चुप रहने को कहा गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत करने पर उन्होंने कहा, तुम रायपुर छोड़कर चली जाओ। कांग्रेस अपना घर नहीं संभाल पा रही और प्रदेश के कानून व्यवस्था की बात कर रही। उन्होंने कहा, तत्कालीन सीएम न्याय दिलाना छोड़ कका से कंस बन गए।

### कांग्रेस शासन काल में महिलाओं के खिलाफ घटनाएं छोटी लगती थीं : रंजना

पूर्व विधायक, रंजना साहू ने कहा, कांग्रेस के शासनकाल में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को महिलाओं के खिलाफ हुई घटनाएं छोटी लगती थीं। अभी कांग्रेस के लोग बेवजह हल्ला मचा रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में 3 वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं के खिलाफ 3 गुनी घटनाएं हुई थीं। कांग्रेस हमेशा से महिला विरोधी रही है। उनका डीएनए ही महिला विरोधी है।

**राधिका अपने परिवार के आर्थिक हितों के लिए मिथ्या प्रलाप कर रहीं : वंदना राजपूत**

राधिका खेड़ा के आरोपों के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, कांग्रेस से भाजपा में गई राधिका खेड़ा अपने परिवार के आर्थिक हितों के लिए मिथ्या प्रलाप कर रही है। यह स्पष्ट हो चुका है कि उनके साथ कांग्रेस दफ्तर में किसी ने भी कोई अभद्रता नहीं की थी। उनको अपनी मां की कंपनी और चन्द्रखुरी पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बिल की चिंता थी, इसीलिए उन्होंने सारा षड्यंत्र रचा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर झूठे आरोप लगाया।

## बैज ने कहा- भाजपा के पास कांग्रेस से लड़ने कोई हथियार बाकी नहीं

महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा के इस बयान पर कि कांग्रेस पार्टी अपना घर नहीं संभाल पा रही है और महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रही है, इस बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राधिका खेड़ा घिसा पिटा मोहरा है, उन्हें भाजपा उपयोग कर रही। वहीं राधिका खेरा के प्रेस कांफ्रेंस पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, राधिका खेरा घिसा पिटा मोहरा है, उन्हें भाजपा उपयोग कर रही। भाजपा के पास कोई हथियार बाकी नहीं है, जो कांग्रेस से लड़ सके, इसलिए लड़ने के लिए दिल्ली से उन्हें हथियार बुलाना पड़ रहा। अगर दिल्ली के हथियारों से भाजपा लड़ना चाहती है, तो हम छत्तीसगढ़ के हथियार के साथ तैयार हैं।



### नक्सलियों की आड़ में मारे जा रहे आदिवासी

बस्तर में सीआरपीएफ की चार बटालियन तैनाती के मामले में श्री बैज ने कहा, बस्तर में पहले भी सीआरपीएफ की तैनाती होती रही है। सरकार नक्सलियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़े, लेकिन निर्दोष आदिवासियों की जान नहीं जाना चाहिए। नक्सलियों की आड़ में लगातार आदिवासी मारे जा रहे हैं।

### कांग्रेस नेता डरने वाले नहीं

पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के खिलाफ अपराध दर्ज होने के मामले में बैज ने कहा, ये कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश है। पहले परीक्षण करना था, लेकिन सीधे एफआईआर कर दी। सरकार को समझ लेना चाहिए कांग्रेस के नेता डरने वाले नहीं हैं।

# एएलएस सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन जिले को वापस दिलाने विधायक ने लिखी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बालोद जिले के एएलएस सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन को वापस जिले में लाने की मांग को लेकर विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री व मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि बालोद जिले के एकमात्र एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन जिसके माध्यम से गंभीर स्थिति वाले मरीजों को वाहन में ही समुचित चिकित्सा उपचार एवं देखभाल के साथ उच्च चिकित्सा उपचार हेतु रायपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव के चिकित्सलयों तक पहुंचाया जाता था, उसे धमतरी जिले के सुपुर्द कर दिया गया है। यह जिले के साथ अन्याय है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि आपके मौखिक निर्देश पर उक्त वाहन को धमतरी जिला को सौंप दिया गया है। विदित हो कि एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त इस वाहन के माध्यम से जरूरतमंद कई मरीजों को समय पर अपालकालीन एवं त्वरित चिकित्सा उपचार होने से उन्हें जीवनदान मिला है। उक्त वाहन को धमतरी जिला भेज दिये जाने से बालोद जिले के हृदयघात, भीषण सड़क दुर्घटना एवं अन्य गंभीर स्थिति वाले मरीज उच्च चिकित्सा उपचार के लिए रिफर किये जाने की स्थिति मेंअत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 108 वाहन के लाभ से वंचित हो गए हैं। विधायक श्रीमती सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य हित को दृष्टिगत रखते हुए आपातकालीन स्थिति में जीवनदान देने वाले बालोद जिले के उक्त एक मात्र एएलएस संजीवनी 108 वाहन को वापस किया जाना अति आवश्यक है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि जिले के निवासियों के हितो को देखते हुए एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त उक्त संजीवनी 108 वाहन को अविलंब वापस किया जाए।



■ कहा- एकमात्र सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस को दूसरे जिले को सौंपा जाना बालोद के साथ अन्याय

# उन्नत नस्ल की गाय तैयार कर खरीदी-बिक्री के लिए पशु बाजार स्थापित किया जाए : रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में सोमवार को पशुओं के कल्याण कार्य संबंधी विषय पर चर्चा हुई है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य राम के. रघुवंशी ने बैठक में कहा कि उन्नत नस्ल की गाय तैयार करने पर प्रशासन फोकस करें। उन्नत नस्ल की गाय से दूध का उत्पादन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जिले में उन्नत नस्ल की गायों की खरीदी-बिक्री के लिए पशु बाजार भी होना चाहिए। इस पर कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कहा कि इसके लिए गो अभयारण्य तैयार किया जा रहा है, जहां आवारा मवेशियों को रखा जाएगा और चारा-पानी की व्यवस्था की जाएगी।

भारतीय पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य प्रदेश दौरे पर आए हुए हैं। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कलेक्टर के अलावा जिला पंचायत विश्वदीप, पशुधन विभाग के संयुक्त संचालक शंकरलाल उइके सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जिले में डॉग एनिमल ब्रीडिंग कंट्रोल कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 वर्षों में 28 हजार 865 श्वान का बधियाकरण किया जा चुका है। साथ ही डॉग शेल्टर हाउस बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री रघुवंशी ने जिला प्रशासन के इस कार्य की सराहना की।

# युकां ने मांगा निगम चुनाव के लिए टिकट, जो सक्रिय नहीं उन्हें पद से हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को राजीव भवन में हुई। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा किए जाने के साथ ही नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए आने वाले तीन माह में कार्यों की रूपरेखा भी बनी। यूथ कांग्रेस की बैठक में आने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। यूथ कांग्रेस के सदस्यों को अधिक से अधिक टिकट देने की मांग करने पर सहमति बनी। इसके लिए उच्च स्तर पर चर्चा की गई।

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया कि आने वाले चुनाव को देखते हुए हर महीने 1 तारीख से 5 तारीख के बीच ब्लॉक, विधानसभा एवं जिले की बैठक आवश्यक रूप से ली जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव शेषनारायण ओझा मौजूद रहे। प्रदेशाध्यक्ष आकाश




शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद शाहिद व शशि सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मोनू अवस्थी, विधि नामदेव, मोहम्मद जीशान, मानस पांडे, तुकाराम चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जो मेहनत कर रहे, उन्हें देंगे बड़ी जिम्मेदारी

प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय सचिव शेषनारायण ओझा ने कहा, संगठन में जो सक्रिय तौर पर काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें दूसरी जिम्मेदारी दी जाएगी या फिर उन्हें पद से मुक्त किया जाएगा। जो संगठन के लिए सालों से मेहनत करते हुए कार्य कर रहे हैं, उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

# सक्रिय सदस्य बनने भाजपा में मची होड़

## हर कार्यकर्ता चाहता है उनके लिंक से बने जाएं 50 से ज्यादा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। दो चरणों में सामान्य सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता को लेकर अभियान चलेगा। इस बार सक्रिय सदस्य बनने की भाजपा के कार्यकर्ताओं में होड़ लग गई है। हर कार्यकर्ता चाहता है कि उनके लिंक से 50 से ज्यादा सदस्य बन जाएं, ताकि उनको सक्रिय सदस्य की मान्यता मिल जाए। हालांकि महज 50 सदस्य बनाने से ही सक्रिय सदस्यता नहीं मिल जाएगी, इसके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी का भी अनुमोदन लगेगा।

भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ स्तर पर 6 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इसके बाद से तेजी से सदस्य बनाने का काम चल रहा है। भाजपा के जो पुराने सक्रिय सदस्य हैं, वे जहां इस प्रयास में जुटे हैं कि वे वापस सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर लें, वहीं थोक में नए कार्यकर्ता भी



इस प्रयास में हैं कि उनको भी इस बार सक्रिय सदस्यता मिल जाए ताकि उनको भी पार्टी में किस पद तक पहुंचने का मौका मिल जाए। यही वजह है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस प्रयास में है कि उनके ही लिंक से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनें। हर कार्यकर्ता अपने लिंक को जहां अपने मित्रों को शेयर करके उनसे सदस्यता लेने का आग्रह कर रहा है, वहीं बूथों में भी जो कार्यकर्ता सदस्य बनाने जा रहे हैं, वे अभी इसी प्रयास में हैं कि उनके लिंक से ही आम लोग भाजपा की सदस्यता ले लें ताकि उनके लिए सक्रिय सदस्य बनने का रास्ता खुल सके।

### सक्रिय सदस्य को ही मिलता है पद

*भाजपा में पार्टी के किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सामान्य सदस्य बनाने होते हैं। इसके बाद सक्रिय सदस्य को सौ रुपए का शुल्क देना होता है। लेकिन सिर्फ कोई 50 सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्य बन जाएगा ऐसा नहीं है। इसके लिए उस सदस्य के लिए उस जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ जिले के प्रभारी की सहमति भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी यह देखते हैं कि वास्तव में जो सक्रिय सदस्य बनना चाह रहे हैं वे कितने सक्रिय हैं। देखा जाता है कि ये कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में आते हैं या नहीं। जो लोग महज पद के लिए सक्रिय सदस्य बनना चाहेंगे, उनके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी अनुमोदन नहीं करते हैं।*

## महिला कांग्रेस आज मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी

# कांग्रेस लगातार धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी लगातार धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर दबाव बना रही है। अब महिला सुरक्षा को लेकर 10 सितंबर को महिला कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। 11 सितंबर को पूरे प्रदेश में प्रेसवार्ता कर सरकार की कमियों को जनता को बताएगी। इसी तरह 12 सितंबर को फिर इसी मुद्दे को लेकर जिला मुख्यालयों में भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी। इन दोनों कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस संगठन में जोरों पर तैयारी चल रही है।

कांग्रेस का कहना है कि जिस तरह से सरकार की कमियों को लेकर लगातार सरकार के सांसद, दो बार के सांसद सरकार को पत्र लिखे हैं कि हमने जुमला पत्र में बिन्दुवार उल्लेख किया है, लेकिन पूरा नहीं हुआ है। सरकार को चेतावनी भी दी है कि ये मांग को तत्काल पूरी करें। सरकार के वर्तमान विधायक बढ़ते अपराध को लेकर सरकार को चिट्ठी लिखते हैं कि अपराध बढ़ रहे हैं। अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, इसलिये मेरे क्षेत्र में सीसीटीवी लगाया जाये।

### 12 को सीमेंट के बढ़े हुए दाम वापस लेने प्रदर्शन




### गांधी मैदान पर सभा के बाद सीएम हाउस घेराव करने निकलेंगे

*महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने बताया कि मंगलवार को कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में सुबह 11 बजे सभा होगी, सभा के बाद 12:30 बजे प्रदेशभर से आई महिला कांग्रेस बहनें गांधी मैदान से मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए निकलेंगी। उन्होंने कहा, प्रदेशभर में महिलाएं बेटियां आक्रोशित हैं, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का खोखला नारा देने वाले आज आरोपियों को बचा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में बेटियां भय के वातावरण में रहने को मजबूर हैं। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, भिलाई, राजिम, सक्ति, रायगढ़, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलाओं के साथ लगातार अत्याचार अनाचार और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।*

# नगरीय निकायों में डेढ़ सौ अभियंताओं के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने करीब 150 अभियंताओं के तबादला आदेश जारी किए हैं। इनमें सबसे अधिक 119 उप अभियंता हैं। अन्य में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, और सहायक अभियंता शामिल हैं। सूची इस प्रकार है- मनोज सिंह ठाकुर अधीक्षण अभियंता भिलाई से एजीएम रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, संजय शर्मा अधीक्षण अभियंता भिलाई से बिलासपुर, संजय बांगडे अधीक्षण अभियंता भिलाई से रायपुर, डीके सिंह अधीक्षण अभियंता अंबिकापुर से कार्यपालन अभियंता अंबिकापुर, प्रमोद दुबे कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से प्रभारी अधीक्षण अभियंता अंबिकापुर, अजीत कुमार तिग्गा कार्यपालन अभियंता जगदलपुर से कोरबा, शंकरदयाल शर्मा कार्यपालन अभियंता भाटापारा से महासमुंद, संजय अग्रवाल मैनेजर स्मार्ट सिटी रायपुर से कार्यपालन अभियंता भिलाई, विजय खलको कार्यपालन अभियंता धमतरी से बिलासपुर, पद्माकर श्रीवास कार्यपालन अभियंता रायपुर से राजनांदगांव, एमपी गोस्वामी कार्यपालन अभियंता सूडा नवा रायपुर से दुर्ग, मो. इमरान खान कार्यपालन अभियंता रायपुर से राजनांदगांव, अरुण कुमार शर्मा कार्यपालन अभियंता कोरबा से बिलासपुर, एमपी देवांगन कार्यपालन अभियंता रिसाली से भिलाई, प्रवीण शुक्ला कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से अंबिकापुर स्थानांतरित किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### 'विरासत-काव्य कलश' के विमोचन पर कवि कोटक का सम्मान

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में सोमवार को ख्यातनाम कवि हरीश कोटक को उनकी प्रथम कृति विरासत-काव्य कलश के विमोचन के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले, सचिव प्रसन्न निमोणकर, प्रशांत देशपांडे ने कवि कोटक को सूतमाला, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद व रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर शशि वरवंडकर ने कवि हरीश कोटक का मंडल में योगदान व सक्रिय सहभागिता की चर्चा की। साथ ही मंडल के प्रतिनिधियों ने भी हरीश कोटक को नये काव्य संग्रह की बधाई दी। विमोचन व काव्य गोष्ठी समारोह में महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद हरीश कोटक ने अपनी चुनिंदा कविताओं का पाठ करते हुए महाराष्ट्र मंडल की उपलब्धियों पर चर्चा की।

### केंद्रीय जेल में मनाया नुआखाई मिलन समारोह



**रायपुर।** सुराज जनकल्याण समिति सोसाइटी द्वारा विगत 15 वर्षों से केंद्रीय जेल रायपुर में नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने महीनों, वर्षों से अपने घर-परिवार से दूर रह रहे जेल में बंद विचाराधीन बंदी, अपराधी से साथ नवान्न से बने प्रसाद का सामूहिक रूप से ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक नेता वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, आप सभी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं, अपराधमुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेकर अपराध जगत को दूर होकर देश-समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना योग दें। कार्यक्रम को भाजपा फाफाडीह मंडल के अध्यक्ष गोरेलाल नायक, प्रीतम महानंद, नेता आशीष तांडी, राधे नायक, संतोष निहाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में भोला दीप, शालू शर्मा, रबिया बानो एवं बड़ी संख्या में विचाराधीन बंदी, जेल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोविड के लिए क्लिनिकल रजिस्ट्री में एम्स के योगदान को मिली सराहना

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स को आईसीएमआर के अंतर्गत उन 13 प्रमुख सलाकार संस्थानों में शामिल किया है, जो कोविड -19 के लिए राष्ट्रीय क्लिनिकल रजिस्ट्री में योगदान कर रहे हैं। रजिस्ट्री द्वारा पूरे भारत से 51,781 कोविड-19 रोगियों पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र किया गया है। यह डाटा महामारी को समझने और उसके नैदानिक परिणामों में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है।

# सम्मान देने रेलवे बोर्ड का अनोखा तरीका, अब 'चमकते सितारों' को मिलेगा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मान देने का एक नया तरीका अपनाया है। बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर एक दीवार में बड़े साइज का एक बोर्ड लगाया है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चमकते सितारे लिखा हुआ है। इस बोर्ड में कर्मचारियों की तस्वीर व उपलब्धि दर्शाई जाती है, जिससे जोन के हर एक अधिकारी व कर्मचारी चमकते सितारों को जान सकें। इस व्यवस्था से कर्मचारियों को प्रोत्साहन भी मिल रहा है। उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान केवल उस सभाकक्ष तक सिमटकर रह जाता है। अन्य विभाग के कर्मचारियों तक जानकारी नहीं मिल पाती। इसे देखते ही एक नई व्यवस्था की गई है। इसके तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ही एक बोर्ड लगाया गया है।

## बेहतर कार्य पर रेलवे बोर्ड का दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चमकते सितारे बनाने का संदेश




### रेलकर्मियों के बच्चों की उपलब्धि भी आएगी नजर

*चमकते सितारे के इस बोर्ड में आने वाले दिनों में रेलकर्मियों के बच्चों की उपलब्धि नजर आएगी। कई कर्मचारियों के बच्चे अलग-अलग सेक्टर में बड़ा काम कर रहे हैं। उन्हें अभिभावक प्रोत्साहित भी करते हैं। अब रेलवे भी इस बोर्ड के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करने का मना बना रहा है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। इस संबंध में सभी अधिकारी व कर्मचारियों को जानकारी दी जाएगी, ताकि वह बच्चों की उपलब्धि की जानकारी दे सकें।*

### बोर्ड पर तस्वीर के साथ चस्पा

इस बोर्ड को रेलवे के चमकते सितारे का नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य केवल इतना ही कि पांच मंजिला इस बिल्डिंग में लगने वाले हर एक विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को यह जानकारी मिल सके कि वर्तमान में चमकते सितारे कौन हैं। यह सम्मान उन्हें किस कार्य के लिए दिया गया है। वह कर्मचारी जिनका बोर्ड नाम या तस्वीर चस्पा होती है, उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। बकायदा मोबाइल पर फोटो लेकर, वह इंटरनेट मीडिया पर साझा भी करता है। इस बोर्ड की व्यवस्था कर रेलवे एक संदेश भी दे रहा है कि सभी बेहतर कार्य कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चमकते सितारे बनें। इससे सभी कर्मचारियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा।

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र के 21वें स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

# शॉल श्रीफल से सम्मानित किए गए शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु स्मृति भवन के 21वें स्थापना दिवस में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। वहीं क्षेत्र के शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में अतिथि बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा थे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, मितान हेल्थकेयर की डायरेक्टर नीति पटेल, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी मौजूद थे।

इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें संगीत और नृत्य शामिल थे। समारोह में ब्रह्माकुमारी शशि ने कहा कि भविष्य के कर्णधार बच्चों के देश के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अति सराहनीय है। विद्यालय को पहले मंदिर कहा जाता था। ऐसा मंदिर जहां चैतन्य मूर्तियां तैयार होती है। यह मूर्तियां जब पूरे विश्व में पहुंचते हैं तो यह जान पाते हैं कि उन्होंने यह अच्छी शिक्षा कैसे प्राप्त की। शिक्षकों का हम सबके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कई बार शिक्षक नैतिक शिक्षा को मुख्य विषय नहीं समझते, लेकिन मुझे लगता है कि नैतिक शिक्षा मुख्य विषय है, जिससे अच्छे इंसान का निर्माण कर पाते हैं। इंजीनियर की जो गलती होती है वह सीमेंट की तो परतों में छिप जाती है, चिकित्सक की गलती श्मशान घाट पर छिप जाती है। एक वकील की गलती कागजों में छिप जाती है, परंतु एक शिक्षक की गलती पूरे समाज व पूरे विश्व में अनेक रूप में प्रतिबिंबित होती रहती है। एक शिक्षक द्वारा की गई एक गलती भी प्रतिबिंबित होती है तो एक अच्छाई भी प्रतिबिंबित होती है। हर एक शिक्षक चंदन तो नहीं लेकिन नीम के पेड़ जैसे जरूर होते हैं। वह सुगंधित तो नहीं लेकिन काम बहुत आते हैं, तो शिक्षक का योगदान वास्तव में पूरे विश्व के लिए ऐसा ही है जो नीम के पेड़ की तरह बच्चों के काम आते हैं, जो आगे चलकर देश का नव निर्माण कर सकें। पहले स्वास्थ्य का मतलब तन, मन और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना होता था, लेकिन आज उसमें एक आध्यात्मिक पहलू भी जुड़ गया है। समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने कहा कि यह संस्थान हर वर्ष ग्रीष्मकालीन सत्र में समर कैम्प का आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए 10 दिनों के लिए करता है। इसका लाभ बच्चों को होता है। नीति पटेल ने डिजिटल युग के खतरों से आगाह करते हुए बताया कि सोशल मीडिया, डिजिटल गैजेट्स आदि के अत्यधिक उपयोग ने बच्चों के जीवन से मानवीय भावनाएं जैसे खुशी, स्नेह, संवाद, करुणा आदि से दूरी बना दी है और वे मानसिक रूप से कमजोर, अकेलेपन, हिंसात्मक उग्रता व टेंशन आदि का शिकार बन रहे हैं। उपस्थित शिक्षकों का तिलक व बैच पहनाकर स्वागत किया गया व सौगात व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा गीत नाट्य द्वारा प्रेरणादायी प्रस्तुति ने सभी को आकर्षित किया।

### यहां आकर मिलती है संतुष्टि, खुशी और शांति

बेमेतरा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ब्रम्हाकुमारीज़ की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर संतुष्टि, खुशी और शांति मिलती है। आज हम सबके जीवन में पैसा है, लेकिन जो अंदर से हमें चाहिए वह इस संस्थान में प्राप्त होता है। ने विद्यार्थी जीवन की मजबूत नींव बनाने व भारत को विश्व गुरू बनाने में शिक्षकों के विशेष महत्व की सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने कहा कि शिक्षक दिवस मनाना अर्थात शिक्षक अपने कर्तव्य पथ की गरिमा को सदा बनाए रखें। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान वर्तमान समय में हम सब के लिए एक प्रेरणा स्रोत का काम कर रहा है। आज स्वास्थ्य की परिभाषा में नया मानक जोड़ने की आवश्यकता हो गई है।

# खूबचंद बघेल के नाम पर ही रखा जाए स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं छत्तीसगढ़ सर्व समाज महासंघ ने मंगलवार को राज्यपाल के नाम कलेक्टर रणबीर शर्मा को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब हो कि बीते वर्ष 2023 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना लागू की गई थी। अब उक्त योजना का नाम परिवर्तन करते हुए वर्तमान सरकार ने जून 2024 में शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना कर दिया है। उक्त ज्ञापन में उल्लेखित है कि निसंदेह शहीद विरनारायण सिंह प्रदेश के गौरव हैं एवं समस्त प्रदेश वासियों के लिए सदैव वंदनीय हैं, किन्तु डॉ. खूबचंद बघेल सपत्नीक जेल यात्रा करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व विधायक, पूर्व राज्यसभा सांसद, समाजसेवी साथ ही प्रदेश के बहुसंख्यक छतीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के आदर्श व पुरोधा पुरुष, समाज व प्रदेशवासियों की अटूट आस्था के पर्याय हैं। वे छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्न दृष्टा माने जाते हैं।

तत्कालीन सरकार ने आयुष्मान योजना, संजीवनी सहायता कोष, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना को शामिल करते हए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना (डीकेबीएसएसवाय) प्रारंभ की थी। उक्त योजना के अंतर्गत फेफड़े, यकृत, हृदय रोग, अग्नाशय, किडनी, न्यूरोसर्जरी के अलावा बच्चों में होने वाले बाल कैंसर रोगों के इलाज के लिए बीपीएल कार्डधारकों के लिए 5 लाख एवं अन्य कार्डधारकों के लिए 50 हजार रूपए तक निःशुल्क चिकित्सा का प्रावधान है। उक्त योजना के नाम परिवर्तन संबंधी वर्तमान सरकार द्वारा लिये गए इस निर्णय से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।

उन्होंने प्रदेश के बहुसंख्यक समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का नाम यथावत रखने का आग्रह किया। इस दौरान छतीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. केके नायक, चंद्रशेखर परगनिहा छतीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज प्रधान धमधा राज, उपराज प्रधान शिवा चंद्रवंशी, युवा अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा, बेमेतरा नगर प्रमुख बलदाऊ प्रसाद बंछोर , रवि परगनिहा आदि मौजूद रहे।

## नगर सेना विभाग में शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 से

**रायपुर।** नगर सेना विभाग द्वारा 1715 रिक्त पदों पर महिला छात्रावास एवं 500 रिक्त पदों पर सामान्य ड्यूटी के लिए पुरूष एवं महिला नगर सैनिकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 16 सितंबर से आयोजित है। इसमें रायपुर संभाग के लिए महिला छात्रावास की 450 महिला तथा महिला एवं पुरूष सामान्य ड्यूटी के 200 नगर सैनिकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैंप में आयोजित की जाएगी। यह कैंप 16 सितंबर से 4 अक्टूबर तक है।

डीपीएमई की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# एफएलएन में पीछे छूट रहे बच्चों की पहचान कर पढ़ना सिखाएं




**बेमेतरा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्रशिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले में एफएलएन (फ़ाउंडेशनल लिटरेसी ऐंड न्यूमेरेसी) के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किए जाने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेवल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (डीपीएमयू) की बैठक आयोजित की गई। एफएलएन (फ़ाउंडेशनल लिटरेसी ऐंड न्यूमेरेसी) यानी मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके तहत पढ़ने, लिखने, और गणित में बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। एफएलएन का मकसद है कि सभी बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता का ज्ञान मिल सके।

बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जैसे गत वर्ष जिले में एफएलएन के अंतर्गत किए गए प्रमुख कार्यों, माह मार्च 2024 में आयोजित उपलब्धि परीक्षण में जिला रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जिले में सुधार, एफएलएन के अंतर्गत शालाओं को अब तक प्रदत्त सामग्री की कक्षा में नियमित उपयोग, एफएलएन के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए ठोस कार्ययोजना, एफएलएन में पीछे छूट रहे बच्चों विषेषकर लर्निंग डिसएबिलिटी वाले बच्चों की पहचान कर उनमें लर्निंग आउटकम हासिल करवाने के लिए स्थानीय स्तर पर विशेष प्रयास, बच्चों को प्रदत्त अभ्यास पुस्तिकाओं पर नियमित कार्य एवं सकारात्मक फीडबैक देने की प्रक्रियाओं का निर्धारण आदि विषयों पर चर्चा की गई। एफएलएन अंतर्गत डीपीएमयू की बैठक में मुख्यकार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्साएवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, जिला मिशन समन्वयक समग्रशिक्षा, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा, बी.ई.ओ., बी.आर.सी. जिले के पीएमयू एवं डीपीएमयू के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान 14 से श्रमदान समेत होंगे कई कार्यक्रम



**रायपुर।** शहर में लोगों को सफाई प्रति जागरूक बनाने नगर निगम रायपुर 14 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलायेगा। इसके अंतर्गत शहरभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी सिलसिले में सोमवार को गांधी सदन में अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने जोन कमिश्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान अधिकारियों को प्राथमिकता से स्वच्छता गतिविधियां करने निर्देश दिये। स्वच्छता से आम आदमी को जोड़ने स्वच्छता सेवा अभियान 14 सितंबर से शुरू होगा। इस मौके पर स्वैच्छिक श्रमदान, स्वच्छता शपथ ग्रहण और मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। 15 सितम्बर को 1 पेड़ मां के नाम अभियान में नगर निगम क्षेत्र में छायादार और फलदार पौधे अमरूद, जामुन, आम, सीताफल, नीम, पीपल प्रजातियों का रोपण किया जायेगा।

## पेज 9 के शेष

### टिकाऊ खेती के लिए ...

क्षमता अधिक होती थी इसलिए खेती में रसायनों का उपयोग सीमित रूप से किया जाता था। किंतु वर्तमान में प्रचलित किस्मों में कीट रोग का प्रकोप अधिक होता है इसलिए समय के साथ फसलों में रसायनों का उपयोग बढ़ता चला गया। इसलिए खेती में फसलों की उन्नत किस्मों का चुनाव हो या उन्नत तकनीक व आदान सामग्री का उपयोग, किसानों को टिकाऊ एवं सुरक्षित खेती करने के लिए उपलब्ध तकनीकों का चयन व उपयोग उसके गुणधर्म के आधार पर बड़े ही सूझबूझ के साथ साथ करना चाहिए।

### प्रगतिशील कृषकों ...

प्राकृतिक खेती प्रदर्शन कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. तृप्ति ठाकुर द्वारा उपस्थित कृषकों को केन्द्र एवं कृषक प्रक्षेत्र में संचालित प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन इकाईयों का भ्रमण कराया गया। उक्त किसान दिवस सह प्राकृतिक खेती गौ आधारित खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला के संचालन में केवीके के डॉ. लव कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार कुलमित्र का अहम भुमिका रही।

### 17 सितम्बर से 2 ...

का मरम्मत कराए जाने हेतु प्रस्ताव। समस्त स्कूलों एवं आंगनबाड़ी शौचायलयों को क्रियाशील किया जाना एवं साफ-सफाई किया जाना है। ग्राम पंचायत भवनों की साफ-सफाई एवं रंग रोगन कराए जाने हेतु प्रस्ताव। ग्राम में नाडेप टैंक, वर्मी कंपोस्ट, सोकपिट का मरम्मत एवं रंग रोगन किया जाना तथा हैंडपंप के आसपास साफ-सफाई हेतु प्रस्ताव। स्वच्छता आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हेतु कार्यवाही आदि एजेंडा निर्धारित है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

### इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के 71 अधिकारी-कर्मचारी आजीवन सदस्य बने

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह की पहल पर भारतीय रेडक्रास सोसाइटी की रायपुर इकाई में एक ही दिन में 71 अधिकारियों को आजीवन सदस्य बनाया गया है। राज्य गठन के बाद सदस्यता अभियान के तहत पहली बार सर्वाधिक सदस्य बनाए गए हैं। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि रेडक्रास के माध्यम से हम मानव सेवा कर सकते हैं। यह संस्था आपदा के समय जरूरतमंद लोगों की मदद करती है। इसकी सदस्यता लेकर हमें भी ऐसे पुनीत कार्यों में सहयोग देना चाहिए। कलेक्टोरेट के रेडक्रास भवन में सोमवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में समयसीमा की बैठक हुई। इस बैठक में सबसे पहले कलेक्टर ने रेडक्रास सोसाइटी के आजीवन संरक्षक की सदस्यता ली।

## आकाशीय बिजली-विद्युत गतिविधियों से रहें दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आकाशीय बिजली गिरने से जानमाल की हानि को रोकने आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई हैं। इस दौरान बारिश के मौसम में तीव्र गरज चमक के साथ गाज गिरने की प्रबल संभावना होती है। जिससे जान-माल की नुकसान होती है। आकाशीय बिजली से बचने लोगों को अपने स्तर से सावधानियां बरतने के बारे में जानकारी दी गई है। आकाशीय बिजली (गाज) के संपर्क में आने से बचें। अद्यतन निर्देशों के लिए स्थानीय मीडिया पर निगरानी रखे। घर के अंदर रहे और यदि संभव हो तो यात्रा से बचे। खिड़कियां और दरवाजे बंद करें, और अपने घर के बाहर की वस्तुओं को सुरक्षित करें (जैसे फर्नीचर, डिब्बे, आदि) सुनिश्चित करें कि बच्चे और पालतू जानवर अंदर हैं।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सदस्यता अभियान का मिल रहा सार्थक प्रतिसाद



**रायपुर।** भाजपा प्रदेश सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश के सभी संगठन जिलों व बूथ, शक्ति केंद्रों में सदस्यता अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। बड़ी संख्या में आमजन भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। अब तक प्रदेश में करीब 7 लाख सदस्य जुड़ चुके हैं और लगातार अभियान से जुड़कर सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जोड़ने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और मजबूती से जुटें।

### विश्वकर्मा जयंती पर प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन

**रायपुर।** प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा मंगलवार 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित है। यह सम्मेलन बुढ़ापारा स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा।

### मिनीडोर की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम मिनीडोर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल एक साइकिल सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना दिनांक को मूलतः जशपुर बगीचा निवासी दिलीप किंडो की एक्सीडेंट में मौत हुई है। दिलीप घटना दिनांक को साइकिल से जा रहा था। सिलतरा बायपास के पास मिनीडोर सीजी-04 पीए-8110 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए दिलीप के साइकिल को ठोकर मार दी।

### निषाद केंवट समाज का तीज मिलन समारोह 16 को

**भिलाई।** निषाद केवट समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई नगर परिक्षेत्र का तीज मिलन समारोह 16 सितंबर को निषाद छात्रावास कोहका में मनाया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डेकेश्वरी निषाद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन में परिक्षेत्र के समस्त महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पत्नी ऋचा सेन प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगी। इसके अलावा दुर्ग जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, प्रेमलता निषाद, सुशीला निषाद, हिमेश्वरी निषाद, मालती निषाद सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में समाज की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं अनेक मनोरंज कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### ऋचा अब ट्रैफिक की पर्यवेक्षक

**भिलाई।** क्राइम की एएसपी रही ऋचा मिश्रा को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आदेश जारी करते हुए एसीसीयू, सायबर सेल जिला दुर्ग के प्रभार से भारमुक्त कर ट्रैफिक जिला दुर्ग का पर्यवेक्षण का कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्राइम में रहते हुए ऋचा मिश्रा ने महादेव सट्टे से जुड़े कई बडे सटोरिया को पकड़ा और कई बड़े मामलों को ट्रेस करने में अहम

**बैठक : कलेक्टर ने की समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

# पोषण माह पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाएं जागरूकता कार्यक्रम : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारियों द्वारा समय-सीमा के पत्रों, आवेदनों पर की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने पोषण माह सितम्बर 2024 जन आंदोलन अन्तर्गत किए गए क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह के दौरान कार्यक्रम आयोजन करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के लिए व्यापक जागरूकता पैदा करने विभिन्न प्रचार-माध्यमों के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी उपयोग करें। सभी विभागों के जिला अधिकारी भी समन्वय व सहयोग करें।

कलेक्टर ने आगामी गुरुवार-शुक्रवार को मुख्यमंत्री द्वारा ली जाने वाली कलेक्टर कान्फ्रेंस के संबंध में तैयारियों के साथ मुख्यमंत्री के झालम प्रवास की तैयारी की स्थिति की भी समीक्षा की । उन्होंने आगामी 14 सितंबर से 2 अगले माह 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजन के लिए कार्यक्रम की तैयारी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाएँ सरकार की प्राथमिकता में हैं।मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत मरीज़ों को लगातार आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने मुख्य ज़िला चिकित्सा अधिकारी को ज़िला जनसंपर्क के माध्यम से योजना के लाभार्थियों पर आधारित समाचार स्टोरी, वीडियो, सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं।

कलेक्टर श्री शर्मा ने प्रदेश सहित आसपास ज़िलों में हो रही भारी बारिश के चलते ज़िला जल संसाधन अधिकारियों और सभी एसडीएम को शिवनाथ नदी के तट पर बसे ग्रामवासी सतर्क करने और , जे शिवनाथ नदी में मोंगरा बैराज पानी छोड़ा जाने के चलते नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी निचले इलाक़े के लोगों को सतर्क रहने उनके लिए समुचित राहत व्यवस्था करने कहा।

### कल से शुरू होगा वजन त्योहार

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी विभागीय ज़िला अधिकारियों ख़ास कर ज़िला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से कहा कि आगामी 12 सितंबर से वजन त्योहार शुरू हो रहा है, जो 23 सितंबर 2024 तक चलेगा । ज़िले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 05 वर्ष से कम बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाये। उनके कुपोषण स्तर की का जांच की जाये। इसके साथ ही बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथी पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाए।

इस दौरान उन्होंने जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाए। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं, उसका भी पता लगाया जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, महानदी भवन से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं उसका पालन किया जाए। वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा। प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षक की ड्यूटी भी लगाई जाए।

# कलेक्टोरेट में विशेष स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ अधिकारियों व जनदर्शन में आए आवेदनकर्ताओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

पोषण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टोरेट में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस अवसर पर कलेक्टर जनदर्शन के दौरान उपस्थित अधिकारियों सहित कई आवेदनकर्ताओं ने भी शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

शिविर में डॉक्टरों की एक टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की, जिनमें ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, और वजन जैसी महत्वपूर्ण जांचें शामिल थीं। इसके साथ ही पोषण से संबंधित जागरूकता भी फैलाई गई, जिसमें बच्चों और महिलाओं के लिए उचित आहार और पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।एसडीएम बेमेतरा घनश्याम तंवर ने स्वयं भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके साथ ही जनदर्शन में आये आवेदनकर्ताओं और पत्रकारों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया। एसडीएम ने लोगों को पोषण के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाले लोगों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए कुछ घरेलू नुस्ख़े एवं दिनचर्या में सुधार हेतु महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी। जिससे शरीर को स्वस्थ रखा जा सके तथा एक सुपोषित समाज का निर्माण हो।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीनियर वेलनेस कोच लोभन कुमार देवांगन एवं चेतन साहू सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक हेमलता मानिकपुरी, सविता शर्मा, परियोजना समन्वयक राजेन्द्र चन्द्रवंशी, सीएचएल पर्यवेक्षक डालिमा सोनी, करिश्मा परवीन का विषेश योगदान रहा।

# बहेरा के गणेश उत्सव में शामिल हुए पूर्व विधायक छाबड़ा, की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेरला के ग्राम बहेरा में श्री गणेश उत्सव समिति के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा ग्राम में इस प्रकार से सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेशजी की मूर्ति रखी गई है और पूजा पाठ की जा रही है, जिसमें भगवान गणेश से ग्राम के खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाएगी। गणेश उत्सव पर्व को लेकर युवाओं में बहुत उत्साह रहता है। इस तरह के आयोजनों से जहां एक ओर हम अपने धार्मिक प्रयोजनों को पूर्ण करते हैं, वहीं दूसरी ओर आपसी सौहार्द का वातावरण भी निर्मित होता है। एक-दूसरे के सहयोग से इस तरह के बड़े कार्यक्रम आयोजित हो पाते हैं। इस दौरान ग्राम बहेरा के सरपंच राम सिंह गायकवाड़, अमरनाथ साहू उपसरपंच बहेरा, देवशरण गोसाई, व्यास नारायण वर्मा, टिकेंद्र परघनिया, गगन परघानिया, मेहतरू साहू, दाउवा राम साहू, नरोत्तम साहू, फिरनतु साहू, रवि साहू, हर्ष नायक, अशोक नायक, संजय चौहान, उमेश पाल, विमल साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# घुमंतू मवेशियों को लेकर ग्रामीणों ने जताई चिंता निराकरण के लिए कलेक्टर को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को जनदर्शन में नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 06 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के समस्त ग्रामवासी ने ग्राम पंचायत को स्वतंत्र पंचायत बनाने के संबंध में आवेदन दिया।

बेमेतरा वार्ड क्र. 01 पिकरी के निवासी कैलाश गुप्ता ने खिड़की विवाद के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम मरतरा के समस्त ग्रामवासी ने लावारिस पशु को उचित प्रबंध कराने के संबंध में आवेदन दिया गया। बेमेतरा तहसील के ग्राम झालम के समस्त ग्रामवासी ने आवारा पशु को गौ अभयारण्य में रखने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है।

कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने श्रमिकों को श्रम कार्ड का भी वितरण किया। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# साहू परिवार ने अकोला स्कूल के बच्चों को दिया नेवता भोज




**बेमेतरा।** विकासखंड साजा अंतर्गत ग्राम अकोला में स्वर्गीय शंकर लाल साहू की स्मृति में उनके परिवार के सदस्य देवसिंग साहू, कुंवरसिंग साहू, देवनाथ साहू, पंचराम साहू एवं किशन साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला अकोला के बच्चों सहित समस्त स्टॉफ को न्योता भोज कराया।

न्योता भोज में सभी लोगों को गुलाब जामुन, लड्डू, केला, खीर, पापड़, दाल, चावल, सब्जी खिलाया। सभी ने स्वर्गीय शंकर लाल साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की। नेवता भोज का उद्देश्य समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। त्यौहारों या अवसरों जैसे शादी, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन, राष्ट्रीय पर्व पर इसका आयोजन किया जा सकता है। शाला की प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा, सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर, हिरेश टंडन, मुन्नी यादव, पंचराम निषाद शाला परिवार अकोला के तरफ से न्योता भोज के लिए धन्यवाद दिए।

**डिजिटल सदस्यता आंकड़ा 100 पार कर पहुंचे सक्रिय सदस्यों की श्रेणी**

# टारगेट पूरा कर निर्वाणी बने भाजपा के सक्रिय सदस्स



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

भाजपा ने 2 सितंबर देशव्यापी सदस्यता अभियान की शुरुवात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सदस्यता डिजिटली नवीनीकृत कर की। उसके बाद से राज्यों के मुख्यमंत्री सहित प्रदेश अध्यक्ष डिजिटल सदस्यता के माध्यम से भाजपा के नवीन सदस्य बने। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने कहा था कि भाजपा के सक्रिय सदस्य बनने के लिए अपने रिफरल कोड से 100 प्राथमिक सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करवाने की अनिवार्यता रखी गई थी। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल के माध्यम से सदयस्यता अभियान प्रारंभ होने के महज सात दिनों में इस टारगेट को पूर्ण कर भाजपा संगठन के सक्रिय सदस्यों की सूची में शुमार हो गए हैं।

डॉ. निर्वाणी ने कहा कि युवा, बुजुर्ग महिलाएं सभी भाजपा की सदस्यता लेकर इस परिवार का हिस्सा बनना चाहते हैं, जहां भी गए खूब उत्साह के साथ डिजिटल सदस्यता ग्रहण की। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि जिले के तीनों विधानसभा में 5 हजार नए सदस्यों को भाजपा की विचारधारा को बताकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यों के तौर पर जोड़ने व्यक्तिगत लक्ष्य के विषय में भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय को बताया है। डॉ. सौरभ निर्वाणी ने कहा कि जिले में मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू की कार्यशैली से अंचल में प्रभाव और मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन का परिणाम है कि लोग स्वयं भाजपा की सदस्यता लेने आतुर हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण के दिव्य जीवन का वर्णन



**बेमेतरा।** श्रीमद्भागवत कथा पुराण भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जीवन और उनके लीला चरित्र का वर्णन करती है। यह कथा भक्तों को धर्म, भक्ति और ज्ञान की शिक्षा देती है। इसमें मुख्य रूप से भगवान विष्णु के अवतारों का वर्णन है और श्रीकृष्ण के बाल्यकाल से लेकर उनके महाभारत के युद्ध तक की घटनाओं को विस्तार से बताया गया है। भागवत कथा में बताया गया है कि धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान अवतार लेकर धर्म की पुनः स्थापना करते हैं। भागवत कथा हमें सिखाती है कि ईश्वर की सच्ची भक्ति और समर्पण से जीवन के सभी संकटों का समाधान हो सकता है। भागवत में कर्म के महत्व और ईश्वर पर अटूट विश्वास का संदेश दिया गया है। भागवत कथा में चढ़ोत्री के महत्व को भी बताया गया है। भक्त अपने भाव और श्रद्धा से भगवान को भेंट अर्पित करते हैं, जो उनकी भक्ति और समर्पण को दर्शाता है।

**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम**

# जिले के 20000 असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शिवलाल राठी में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस एवं उल्लास मेला के अवसर पर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह व उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय के सभागार में किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से अभी वर्तमान में देशव्यापी साक्षरता अभियान के अंतर्गत 8 तारीख को साक्षरता दिवस के इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद बेमेतरा में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के अभिभाषण के उपरांत उल्लास मेला का आयोजन एवं साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के असाक्षरों को स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से साक्षर बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त नागरिकों को साक्षर युक्त बनाते हुए हर घर साक्षरता अभियान की शुरूआत किया गया । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के उदबोधन व उल्लास शपथ का सीधा प्रसारण किया गया। सभी उपस्थित जनों के द्वारा शपथ लिया गया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के माध्यम से समस्त अशाक्षर को संदेश प्रदान किया गया, कि हमें भी साक्षर बनकर समाज को एक नई दिशा प्रदान करनी है और साक्षर इंसान हर क्षेत्र में हमेशा सफलता हासिल कर लेता है।

इसी परिप्रेक्ष्य में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने असाक्षरों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारा मुख्य लक्ष्य एवं उद्देश्य बेमेतरा के 20000 असाक्षरों को साक्षर बनाने का है जिसमें मुख्य रूप से ऐसे घुमंतु समुदाय के लोग जो हमेशा एक गांव से दूसरे गांव घूमते रहते हैं उन्हें विशेष प्रकार से इस श्रेणी में रखते हुए साक्षर बनाने का महत्वपूर्ण कदम उठाने हेतु जानकारी प्रदान किया गया । कार्यक्रम मे बताया गया कि हमें केवल असाक्षर को पढ़ने लिखने नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान एक अच्छा नागरिक बनाना है, जो समाज की सेवा कर सके क्योंकि साक्षर बनने से व्यक्ति में पूर्ण विकास होता है वह उससे चीज की समझ, एवं अपने परिवार का पालन पोषण करने में अग्रणी होता है इसलिए हमें ऐसे अक्षरों को साक्षर बनाना अत्यंत आवश्यक ताकि हमारे जिला बेमेतरा आने वाले वर्षों में पूर्ण रूप से साक्षर बन सके ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, नगर पालिका के उपाध्यक्ष पंचूराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ, कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, बीआरसी बेमेतरा, एवं बेरला, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद बेमेतरा, एवं बहुत अधिक संख्या में स्वयंसेवी शिक्षक और असक्षर उपस्थिति प्रदान किए थे, जिन्होंने एक साथ उल्लास शपथ लेकर कार्यक्रम को संपन्न किया।

